तापमान
अधिकतम .0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 10 दिसंबर 2025

4 पूर्व सरपंच की स्मृति में तीन दिवसीय बाबा गुरू घासीदास जयंती समारोह का आयोजन





## खबर संक्षेप

### नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**राउरकेला।** सुंदरगढ़ टाउन थाना क्षेत्र में 2018 के दुष्कर्म मामले में पिछले साल से फरार चल रहे आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। आरोपित की पहचान टाउन थाना क्षेत्र के मेदिनीनगर निवासी सुमंत प्रधान 32 के रूप में हुई है। उसने 29 जनवरी 2018 को अपने गांव के पास की एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म किया और मौके से फरार हो गया। उसके खिलाफ 30 जनवरी 2018 को भारतीय दंड संहिता की धारा 376,1 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। मामले की सुनवाई के दौरान आरोपी जमानत पर बाहर आयाए लेकिन बाद में कोर्ट में पेश नहीं हुआ। इस पर कोर्ट ने उसके नाम से बिना जमानत वाला गिरफ्तारी वारंट जारी किया। पुलिस की तलाश के दौरान वह लगातार फरार बना हुआ था। उसके घर आने की सूचना मिलते ही पुलिस ने उसे पकड़ लिया और दोबारा कोर्ट में पेश कर दिया।

### लूट के दौरान हमले में युवक की मौत, 7 गिरफ्तार

**राउरकेला।** लहुणीपाड़ा थाना अंतर्गत कलेईपोश बरसुआं पीडब्ल्यूडी रोड के दलमकुचा इलाके में लूट के दौरान बदमाशों के हमले में एक युवक की मौत मामले में लहुणीपाड़ा पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है। 28 नवंबर की रात करीब 11 बजे बरसुआं निवासी अश्विनी पात्र और विकास टोप्पो बाइक से राउरकेला से बरसुआं लौट रहे थे। तभी दलमकुचा घाटी के पास एक ऑटो में आए बदमाशों ने उनकी बाइक रोक ली और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में अश्विनी गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ेए जबकि पीछे बैठे विकास किसी तरह दौड़कर वहां से भाग निकले और अपनी जान बचाई। बदमाश बाइक और मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। जख्मी अश्विनी की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इनमें से पांच आरोपितों को कोर्ट में पेश किया गया जबकि दो नाबालिगों को बाल सुधार गृह भेजा गया है। लूट में इस्तेमाल की गई ऑटो और लूट कर भागने के लिए उपयोग की गई बाइक भी जब्त कर ली गई है।

### परिवार के मंगल का झांसा देकर सोने की चेन की ठगी

**राउरकेला।** परिवार का मंगल होने का झांसा देकर एक महिला से सोने की चेन ठग लेने की घटना इन दिनों सेक्टर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मामले में सेक्टर.7 थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस दो फर्जी बाबाओं की तलाश में जुटी हुई है। सोमवार सुबह लगभग 10 बजे दो बाबा सेक्टर.9 के सी 38 क्वार्टर पहुंचे। उस समय घर में महिला अकेली थी उसके पति काम पर गए थे। दोनों फर्जी बाबाओं ने महिला को तरह-तरह के लालच दिखाकर सोने की चेन मांगी। महिला ने चेन देने के बाद बाबाओं ने कुछ मंत्र फूंककर उसे एक लाल कपड़े की पोटली दे दी और कहा कि शाम तक दो चेन हो जाएगी। कुछ देर बाद दोनों बाबा वहां से फरार हो गए। जब महिला ने पोटली खोली तो उसमें दो रुद्राक्ष मिले।

### पहले चरण में प्रदेश के 60 फीसदी स्कूलों को किया जाएगा शामिल

# अब पीएमश्री स्कूल के बच्चे करेंगे मिट्टी की जांच, होगी मिनी लेब की स्थापना



पटेलपाली स्थित मिट्टी जांच लैब की जांच में पहुंचे कृषि विभाग के अधिकारी।

### बनेगा आईडी, उसी के आधार पर होगी जांच

हर स्कूल में 50-50 बच्चों को इसमें शामिल किया जाएगा। 9 से 12 वीं तक के बच्चे इसमें शामिल होंगे। 10-10 बच्चों का हर स्कूल में 5-5 बैच बनाया जाएगा। हर बैच और हर बच्चे का एक आईडी जनरेट किया जाएगा। इसी आईडी से जांच करेंगे और रिपोर्ट तैयार होगी। एक सप्ताह पहले जिले में चयनित स्कूलों का आईडी जनरेट किया गया है। उसे एप्रूवल के लिए राज्य शासन के कृषि संचालनालय भेजी गई है। तीन चरणों में इन बच्चों की ट्रेनिंग होगी। पहले चरण में ब्लॉक स्तर के अधिकारी प्रशिक्षण देंगे।

### जिल के इन स्कूलों का चयन किया गया है

जिले में 7 पीएम श्री प्रायमरी और 7 पीएम श्री हाई हायर सेकेंडरी स्कूल संचालित हैं। हालांकि इसमें सेंट्रल स्कूल के अलावा नवोदय और सारंगढ़ जिले का भी एक स्कूल शामिल है। जिले में पीएम श्री नटवर, समेत धरमजयगढ़, घरघोड़ा, तमनार, खरसिया, पुसौर और लैलूंगा में संचालित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल जो अब पीएमश्री हो गया है उनको शामिल किया गया है। पुसौर ब्लॉक में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल कोड़ातराई को चयन किया गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्वतंत्र महंत

प्रदेश में संचालित पीएमश्री स्कूल के बच्चे अब मिट्टी की जांच करेंगे। केंद्र सरकार ने स्कूली बच्चों को कृषि की अहम जानकारी और कृषि क्षेत्र में रुचि बढ़ाने की मंशा से स्कूल स्वॉयल हेल्थ प्रोग्राम चालू की गई है। पहले चरण में प्रदेश में संचालित स्कूलों में से करीक 60 फीसदी को इस योजना में शामिल किया गया है। याने अभी 148 स्कूलों का चयन किया गया है। मिट्टी जांच के लिए इन स्कूलों में मिनी लैब की स्थापना की जाएगी। इसके लिए के लिए एक-एक लाख मिलेगा। लैब स्थापना के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा फंडिंग की जाएगी। स्कूली बच्चे सबसे पहले अपने खेत की मिट्टी की जांच करेंगे। इसके लिए स्कूली बच्चों को तीन चरणों में ट्रेनिंग दी जाएगी।

अलग खबर

रायगढ़ जिले में सात स्कूलों का चयन किया गया है। इसमें एक स्कूल में 12 दिसंबर को पहली ट्रेनिंग होगी। जिसे ब्लॉक के अधिकारियों द्वारा ऑर्गनाइज किया जाएगा। इसमें बच्चों के साथ पालकों को जागरुक करने का उद्देश्य भी समाहित है। दरअसल स्कूली बच्चों में मृदा स्वास्थ्य और सतत कृषि प्रबंधन के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिहाज से केंद्र सरकार की ओर से बतौर पायलट प्रोजेक्ट स्कूल स्वॉयल हेल्थ प्रोग्राम चालू किया गया है। इसके पहले चरण में छत्तीसगढ़ में संचालित 5 हजार स्कूलों में करीब 60 फीसदी को इस प्रोग्राम में शामिल किया जाएगा। इसमें सेंट्रल स्कूल और नवोदय विद्यालय के बच्चे भी शामिल हैं। हर स्कूल में एक लैब तैयार किया जाएगा। हर स्कूल को केंद्र सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के मृदा स्वास्थ्य कार्ड अनुविभाग की ओर से एक एक लाख दी जाएगी। इस प्रोग्राम के तहत हर साल मिट्टी जांच का टारगेट स्कूलों को दिया जाएगा।

> स्कूली बच्चों को कृषि और मिट्टी की अहम जानकारी देने के उद्देश्य से स्कूल स्वॉयल हेल्थ प्रोग्राम चालू किया गया है। स्कूलों में लैब स्थापना के लिए एक-एक लाख राशि सीधे उनके खाते में जमा होगी।
>
> **एके वर्मा**
> डीडीए रायगढ़



# मछली पकड़ने गए गांव के बैगा को अजगर ने जकड़ा, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

सरिया थाना अंतर्गत ग्राम छेवारीपाली में उस वक्त हड़कंप मच गया, गांव का बैगा जब मछली पकड़ने गया तो उसे अजगर ने जकड़ लिया। अजगर ने ऐसा जकड़ा की उसकी सासें वहीं पर थम गई। यह सनसनी खेज घटना गांव में आग की तरह तरफ फैली और सब तालाब की ओर दौड़ने लगे। बताया जाता है कि सरिया थाना अंतर्गत ग्राम छेवारीपाली निवासी मिथिलेश सिदार 35 सुबह करीब 6 बजे अपने घर से निकलकर सीधे गांव के तालाब के पास एक बड़ा तालाब जिसे कांटा एवं टार तालाब के नाम से जाना जाता है वहां पहुंचा और जैसे ही उन्होंने अपने द्वारा मछली पकड़ने के लिए बिछाए गए जाल को कांटा तालाब में उतरकर खींचने का प्रयास किया। तभी अजगर ने उसे अपने गिरफ्त में ले लिया और पानी के अंदर दबोच दिया। मिथिलेश के चिखने चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े तब तक अजगर ने मिथिलेश को पानी अंदर पूरी तरह से जकड़ लिया था। कहीं मिथिलेश दिखाई नहीं दिया। तब ग्रामीणों को शक हुई कि अजगर ने पानी में खींच लिया होगा। आसपास पता करने पर मिथिलेश का चप्पल एवं लाठी पास में ही पड़ा था। उसी के आधार पर ग्रामीण उसे खोजने लगे और पानी में जैसे उतरे मिथिलेश की लाश मिली। ग्रामीणों ने बताया कि हमारे गांव के कांटा टार बड़ा तालाब के पास अजगर का खौफ है। इसके पहले भी लोगों ने अजगर को देखा और लोग सतर्क हो गए थे, लेकिन सोमवार की शाम मिथिलेश सिदार कांटा तालाब में मछली पकड़ने के लिए जाल बिछाया था और मंगलवार सुबह तालाब से मछली निकालने गया था। ग्रामीणों को शक है कि अजगर ने ही उसे पानी में जकड लिया होगा और अंदर ले गया जिसके कारण मिथिलेश की मौत हो गई। बहरहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### रेस्क्यू करने की मांग

ग्रामीणों ने बताया कि कांटा तालाब में अजगर के खौफ के कारण पूरे गांव के लोग परेशान हैं। ग्रामीणों ने कांटा तालाब से अजगर को रेस्क्यू करने की मांग किया, ताकि गांव में दहशत ना हो। ललित पंडा, राजेंद्र पंडा भोगीलाल सिदार, मृतक का ससुर समारू सिदार, परिजन, संतराम चौहान, पंच ने बताया कि बहुत बड़ी दुखद घटना है।

## अंतरराज्यीय गांजा तस्कर को जोबी पुलिस ने झारसुगुड़ा में पकड़ा

**रायगढ़।** पुलिस चौकी जोबी ने गांजा तस्करी के एक अंतरराज्यीय फरार आरोपी को ओडिशा के झारसुगुड़ा से दबिश देकर गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी लवलेश उर्फ रविन्द्र पटेल उर्फ लवकेश पांडे, निवासी उत्तर प्रदेश, एक संगठित अंतरराज्यीय गांजा तस्करी गिरोह से जुड़ा हुआ था। ज्ञात हो कि अगस्त माह में जोबी चौकी पुलिस ने ग्राम कुरुं में रहने वाली महिला अनीता बाई अगरिया के घर दबिश देकर 62 पैकेट में रखा कुल 64 किलो 360 ग्राम गांजा जब्त किया था। पूछताछ में अनीता अगरिया ने खुलासा किया था कि ओड़िशा से गांजा लाकर उसके घर में डंप किया जाता था और फिर ट्रेन के जरिए उत्तर प्रदेश भेजा जाता था। इस गिरोह में रायगढ़ की सरस्वती साहू, उसका भाई मनोज उर्फ छोटू साहू और उत्तर प्रदेश का लवकेश पांडे शामिल थे। कार्रवाई के दौरान सरस्वती साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था, जबकि मनोज साहू और लवकेश पांडे फरार थे।

## मवेशी चराने गए ग्रामीण पर जंगली सूअर ने किया हमला, गंभीर रूप से घायल

**रायगढ़।** तमनार रेंज के कसडोल सर्किल में मवेशी चराने गए ग्रामीण पर अचानक झाड़ियों से निकल कर जंगली सूअर ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उचचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार गोढ़ी निवासी भुवनेश्वर पटनायक 60 सोमवार दोपहर अपने मवेशियों को जंगल की ओर चराने ले गया था। इसी दौरान खेतों के पास झाड़ियों में छिपे जंगली सूअर ने अचानक हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल होकर चीखने चिल्लाने लगा। उसकी आवाज सुनकर पास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन अमला मौके पर पहुंचा और घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गयाए जहां उसके हाथ में गंभीर चोट की पुष्टि हुई। तमनार रेंजर की मानें तो उसकी स्थिति में सुधार है। विभाग की ओर से प्रारंभिक सहायता राशि दी गई है। इस घटना के बाद ग्रामीणों में वन्यजीव हमलों को लेकर चिंता बढ़ गई है।

## ई-पॉश में लगाया थंब, नहीं मिला ग्रामीणों को 4 महीने का राशन, कलेक्टर से शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ क्षेत्र में शासकीय उचित मूल्य दुकानों के उपभोक्ताओं की परेशानी दूर होने का नाम नहीं ले रही । इस क्षेत्र के किसी ना किसी गांव से हर माह राशन संबंधी समस्याएं जरूर सामनें आती है। इसी कड़ी में वहां के ग्रामीण पिछले 4 माह से राशन ना मिलनें की शिकायत लेकर कलेक्टर के पास पहुंचे, ग्रामीणों नें कहा कि हर माह उंगली लगानें के बाद भी संचालक के द्वारा उन्हें राशन नहीं दिया जा रहा है,राशन की मांग करनें पर संचालक के द्वारा टालमटोल किया जाता है। पूरा मामला धरमजयगढ़ के ग्राम पंचायत बेहरामुड़ा का है, जहां के ग्रामीण राशन ना मिलनें संबंधी शिकायत लेकर बड़ी संख्या में कलेक्टर के पास पहुंचे।

ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें पिछले 4 माह से संचालक द्वारा राशन सामाग्री नहीं दी जा रही है। हर माह वे दुकान राशन लेने जाते हैं, जहां संचालक द्वारा उनकी उंगली भी लगवाई जाती है, लेकिन राशन नहीं दी जाती। राशन की मांग करने पर संचालक द्वारा आजकल कहकर या कभी सर्वर संबंधी समस्याओं का हवाला देकर टाल दिया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि वे सभी रोजी मजदूरी का कार्य करते हैं, हर माह शासन द्वारा मिलने वाले राशन से ही उनका घर चलता है, पिछले 4 माह से राशन नहीं मिलनें के कारण उन्हें अपने परिवार का भरण पोषण करनें में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### राशन देने मांगा गया था एक सप्ताह मोहलत

ग्रामीणों के मुताबिक जब उन्होंने राशन नहीं मिलने की शिकायत स्थानीय स्तर पर की तब दुकान संचालक द्वारा एक सप्ताह की मोहलत मांगी गई थी। संचालक ने कहा था कि एक सप्ताह के बाद पूरे 4 माह का राशन एकमुश्त उन्हें दे दिया जाएगा। एक सप्ताह के बाद वापस राशन की मांग करने पर संचालक ने राशन नहीं आया है कहकर मना कर दिया । ऐसे में ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर राशन की मांग की है।

### कभी भी अस्पताल परिसर असामाजिक तत्व में कर रहे हैं प्रवेश

# एमसीएच में अब तक नहीं बनी बाउंड्रीवॉल, सुरक्षा पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मेडिकल कॉलेज के आगे स्थित मातृ शिशु अस्पताल एमसीएच की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। यह अस्पताल कई सालों से संचालित तो हो रहा है, लेकिन आज तक इसके चारों ओर बाउंड्रीवॉल नहीं बनाई गई है। इसकी वजह से अस्पताल परिसर में अव्यवस्था और असुरक्षा का आलम बना रहता है।

बिना बाउंड्रीवॉल के कारण असामाजिक तत्व ही नहीं बल्कि आवारा पशु भी परिसर में घुस जाते हैं। इससे न केवल अस्पताल की व्यवस्था प्रभावित होती हैए बल्कि मरीजों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाती है।

ज्ञात हो कि यह अस्पताल एक पहाड़ी क्षेत्र के बिलकुल सामने स्थित हैए जिससे दुर्घटनाओं और बाहरी हस्तक्षेप की आशंका और भी बढ़ जाती है। इस संवेदनशील स्थान पर सुरक्षा के लिहाज से अस्पताल परिसर का सुरक्षित होना बेहद आवश्यक है। आपराधिक घटनाओं का बना रहता है खतरा जानकारी के अनुसार एमसीएच के सामने ही मुख्य मार्ग पर असामाजिक तत्वों का अड्डा है, जोकि वहीं पर नशा सेवन करते रहते हैं हैं। दिन हो या रात कई बार उनकी टोली अस्पताल परिसर में संदिग्ध अवस्था में घूमते नजर आती है। जिससे चोरी, छेड़छाड़ लूटपाट, मारपीट जैसी आपराधिक घटनाओं की भी आशंका बनी रहती है। क्योंकि एमसीएच में बाउंड्रीवाल और मेन गेट नहीं होने से ऐसे लोग बेरोकटोक आना जाना करते हैं।



### कछुआ गति से चल रहा निर्माण

कुछ माह पहले अस्पताल की बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी की गई थी। डीएम असोसिएट नामक फर्म को इसका ठेका मिला है। ठेका कंपनी द्वारा कछुआ गति से काम करते हुए वर्तमान में काम को बंद कर दिया गया है। जिससे स्थिति जस की तस बनी है।

> सीजीएमएससी के अधिन यह काम हो रहा है, जो काफी धीमी गति से चल रहा है। इसके अलावा ड्रेनेज का काम भी अधूरा है, जिससे काफी परेशानी हो रही है। इस संबंध में शासन को पत्राचार किया जाएगा।
>
> डॉ. दिनेश पटेल
> सिविल सर्जन, केजीएच।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 593. गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता\पति लहा राम वर्मा पता- दोंदेखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, 594. भागवत प्रसाद यादव पिता\पति संतराम साहू पता- मकान न. H-16 पुलिस लाइन, 595. अनस सिद्धिकी पिता\पति सरफ राज सिद्धिकी पता- मयूर क्लब पंडरी रायपुर, 596. बिसाहू राम साहू पिता\पति स्व. फगुवा राम साहू पता- गुलाब नगर देवपुरी रायपुर, 597. प्रत्युष बंजारे पिता\पति पिलु राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 598. वैदेही नाग पिता\पति नितीन नाग पता- अश्वनी नगर रायपुर, 599. खोमन लाल वर्मा पिता\पति गोपाल प्रसाद वर्मा पता- बिरगांव रायपुर, 600. दीपक साहू पिता\पति विशाल साहू पता- मांढर, 601. प्रमिला साहू पिता\पति पुनऊ राम साहू पता- मांढर रायपुर, 602. मन्नू राम साहू पिता\पति स्व.सुखनंदन साहू पता- देवरी आरंग, 603. चंदन साहू पिता\पति राकेश कुमार साहू पता-दुतकैया राजिम, 604. डोमेन्द्र ध्रुव पिता\पति दुर्गेश ध्रुव पता- धमतरी, 605. संतोषी बाई पिता\पति शत्रुहन देवांगन पता- कोकड़ी कुरूद, 606. सीमा पटेल पिता\पति भारत पटेल पता- जी जामगांव धमतरी, 607. देवकी यादव पिता\पति सुखेन राम यादव पता-स्टेशन पारा वार्ड न.- 11 राजनादगांव, 608. निशांत यादव पिता\पति प्रदीप यादव पता-राजनादगांव, 609. मोनिषा साहू पिता\पति वी. एल साहू पता- नाका पारा वार्ड न.-01 डोंगरगढ़, 610. नवाब अली पिता\पति कसम अली पता- बेमेतरा, 611. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता- कांकेर, 612. युक्ता साहू पिता\पति श्री फत्ते लाल साहू पता-बालोद, 613. मानसी ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 614. अनीता देवांगन पिता\पति हेमंत देवांगन पता- महासमुंद, 615. नीलकमल मिश्रा पिता\पति स्व. श्री भागवत प्रसाद मिश्रा पता- पांडा तराई कवर्धा, 616. नंदनी नायक पिता\पति स्व. सुखी राम नायक पता- सुहेला, 617. प्रधुम्न वैष्णव पिता\पति खेम वैष्णव पता- सरगीपाल कोंडागांव, 618. तेजेश्वरी पिता\पति आर. त्रिमूर्ति पता- 9F गली न.15 वार्ड 40 सेक्टर 02, 619. हेमलाल वर्मा पिता\पति स्व.मंगलू राम वर्मा पता- इंदिरा कॉलोनी माडल टाउन, 620. सुषमा वर्मा पिता\पति प्रेम लाल वर्मा पता- रवेलीडीह वार्ड न.02, 621. प्रदीप कुमार जैन पिता\पति सुधाकर जैन पता- कैम्प-02 भिलाई, 622. श्रीमती द्रोपती वर्मा पिता\पति धनेश परगनिहा पता- सेक्टर 04 भिलाई, 623. ज्योति सोनी पिता\पति जगदीश प्रसाद सोनी पता- विश्व बैंक कॉलोनी से.-1 भिलाई 3, 624. अफशाना परवीन पिता\पति मो. शामिल पता- कैंप-2 नगर भिलाई, 625. नित्यांश पटेल पिता\पति देवेन्द्र कुमार पटेल पता- मोहलई रोड वार्ड न.56 बछेरा दुर्ग, 626. अंजली पटेल पिता\पति संजय कुमार पटेल पता- मोहलई रोड बछेरा दुर्ग, 627. कीर्ति देवांगन पिता\पति स्व.रमेश देवांगन पता- उतई बंजारी पारा, **बिलासपुर संस्करण** – 628. रजनी तंबोली पिता/पति संतोष तंबोली पता- शांति नगर बाल्को, 629. यशवंत सिंह ठाकुर पिता/पति सुधीर सिंह ठाकुर पता- परसाभाठा बाल्को, 630. हर्ष धीवर पिता/पति दाऊराम धीवर पता- शांति नगर बालको, 631. त्रिषा साहू पिता/पति छवि साहू पता बेलगिरी बालको, 632. नारायण पाल पिता/पति नरेन्द्र पाल पता- नेहरू नगर बालको कोरबा, 633. पंकज पटेल पिता/पति गोवर्धन पटेल पता- बेलाकछार, 634. प्रीति थवाईत पिता/पति अनिल कुमार थवाईत पता- शांति नगर बाल्को, 635. वृंदा साहू पिता/पति चंद्रशेखर साहू पता- परसाभाठा बालको, 636. श्याम बाई नेताम पिता/पति जयसिंह नेताम पता- कोरबा, 637. योगेश साहू पिता/पति गीता साहू पता- बेलाकछार बाल्को, 638. पूर्वी साव, पिता/पति सुरेन्द्र साव पता- परसाभाठा बाल्को, 639. राजेश कुमार बिन्द पिता/पति आर.के. बिन्द पता- शांति नगर बाल्को, 640. रामकुमार कश्यप पिता/पति स्व.पदुमलाल कश्यप पता- गायत्री नगर रजगामार, 641. अहिल्या पांडे पिता/पति लोकनाथ पांडेय पता- कैलाश नगर बाल्को, 642. धनंजय यादव पिता/पति चक्रधर यादव पता- परसाभाठा बाल्को, 643. रतनदास मानिकपुरी पिता/पति चरणदास मानिकपुरी पता- बेलाकछार बाल्को, 644. मंजू साहू पिता/पति नरेन्द्र साहू पता- कांजी हाऊस बाल्को, 645. कमलेश्वरी पिता/पति अनिल खैरवार पता- बस्तीपारा जांजगीर बाल्को, 646. दुर्गेश मरावी पिता/पति राजकुमार मरावी पता- हरदी बाजार, 647. संजय कुमार निर्णेजक पिता/पति भागीरथी निर्णेजक पता- मस्तूरी बाल्कोनगर, 648. तारेश्वरी पिता/पति उल्लू साय साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, 649. संदीप केरकेट्टा पिता/पति नीकोलस केरकेट्टा पता- नेहरू नगर बाल्को, 650. अनिता भट्ट पिता/पति संतोष भट्ट पता- कुमगर बाल्को, **भोपाल संस्करण**– 651. अंतिम गहलोद पिता\पति बालमुकुंद गहलोद पता- एच.एस. टाइपकोटरा सुल्तानाबाद, 652. बबलू वर्मा पिता\पति एच.एन पता- 220 बागसेवनिया, 653. वेदेही पिता\पति विश्वजीत गिरी पता- एच.न.528 शिव मंदिर के पास सेमरा गेटभोपाल, 654. शिव यादव पिता\पति हेमराज पता- यादव नया बसेरागंदी बस्तीकोटरा सुल्तानाबाद, 655. अवनि शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी, 656. कमल सिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 657. आदविक विश्वकर्मा पिता\पति महेन्द्र विश्वकर्मा पता- विदिशा, 658. सरफराज पिता\पति निसार अहमद पता- मकान न. 980 भानपुर विदिशा, **जबलपुर संस्करण**– 659. ओम प्रकाश गौतम पिता\पति सतीश प्रसाद गौतम कोतमा अनूपपुर, 660. मायरा ताम्रकार पिता\पति अमित कुमार ताम्रकार वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर , 661. निशिका गगरेवाल पिता\पति जितेंद्र कुमार वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 662. राजकुमार साहू पिता\पति - स्वर्गीय रामूलाल साहू ग्राम करौंदी ग्राम शाहपुर, 663. नरेश कुमार साहू पिता\पति शंभू प्रसाद पता- करौंदी ग्राम शाहपुरा डिंडोरी, 664. बृजेश सिंह यादव पिता\पति गजेंद्र सिंह यादव पता- विजय कॉलोनी गाडरवारा, 665. दिव्यांश पुरी गोस्वामी पिता\पति बृजेश पुरी गोस्वामी पता- नयागांव रानी लक्ष्मी बाई वार्ड गाडरवारा, 666. शिवम सोनी पिता\पति राजेश सोनी गाडरवारा।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### सुंदरगढ़-सरडेगा से अंबिकापुर तक नई रेल लाइन को मिली मंजूरी

**राउरकेला।** सुंदरगढ़ जिले के हेमगिर ब्लॉक के सरडेगा से पथलगांव-अंबिकापुर रेल परियोजना को रेल मंत्रालय की मंजूरी मिल गई है और इसके लिए आवश्यक धनराशि भी स्वीकृत कर दी गई है। छत्तीसगढ़ के सरगुजा के सांसद चिंतामणि महाराजा के सवाल पर रेल सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में जानकारी दी कि दक्षिण पूर्व रेलवे के बिलासपुर डिविजन ने इस परियोजना का सर्वे पूरा कर लिया है। विस्तृत परियोजना विवरण डीपीआर मिलने के बाद इसे स्वीकृति दी गई और वित्तीय आवंटन सुनिश्चित किया गया। यह 218 किलोमीटर लंबी रेल लाइन दो हिस्सों में तैयार होगी सुंदरगढ़ से पथलगांव 128 किमी और पथलगांव से अंबिकापुर 86 किमी। इस परियोजना से सुंदरगढ़ और छत्तीसगढ़ के जनजातीय क्षेत्रों में सीधा और तेज़ रेल संपर्क स्थापित होगा। कुल मिलाकर छत्तीसगढ़ के छह रेल प्रोजेक्ट्स जिनकी लागत 31ए619 करोड़ रुपये है, उन्हें मंजूरी मिली है। आगामी बजट में इस परियोजना के लिए धन आवंटित किया जाएगा। नई रेल लाइन से न केवल क्षेत्रीय संपर्क सुगम होगाए बल्कि रेनुकूट उत्तर प्रदेश तक भी जुड़ाव की संभावना है, जिससे हावड़ादृदिल्ली मुख्य मार्ग से सीधा संपर्क भी सुनिश्चित होगा। इस परियोजना के पूरा होने से दोनों राज्यों के बीच आर्थिक और सामाजिक विकास के नए द्वार खुलेंगे और क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

### 100 दिवसीय अभियान बनाएगा बाल विवाह मुक्त भारत



**जशपुरनगर।** जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन की टीम ने लवली हुड कॉलेज व टिकैतगंज के हॉस्टल मैं जाकर बाल विवाह के रोकथाम के लिए शपथ दिलाया और साथ ही अपने आसपास के घर मोहल्ला को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए जागरूक किया। बालविवाह मुक्त समाज बनाने के लिए कानूनी उपायों, सामुदायिक जागरूकता, और सरकारी पहलों का संयोजन आवश्यक है। इसमें बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम (2006) जैसे कानूनों का प्रभावी कार्यान्वयन, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की बाल विवाह मुक्त भारत जैसी पहलों और हेल्पलाइन नंबरों (जैसे 1098 और 181) के माध्यम से सूचना और सहायता प्रदान करना शामिल है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जशपुर की जिला समन्वयक अंजली ताम्रकार, बबिता ताम्रकार, रानी नायक वह अन्य सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

### ई-फाइलिंग, ई-हियरिंग हेतु शिविर 24 को

**जशपुरनगर।** उपभोक्ता संरक्षण कानूनों के प्रति जागरूकता एवं ई-फाइलिंग, ई-हियरिंग आदि हेतु 24 दिसंबर 2025 को जनपद पंचायत बगीचा के सभागृह में दोपहर 1 से 3 बजे तक शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर जिला उपभोक्ता आयोग सरगुजा अम्बिकापुर एवं जशपुर के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। शिविर में सरगुजा अंबिकापुर के जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग एवं जशपुर लिंक कोर्ट द्वारा बगीचा क्षेत्र के अधिवक्ता गण, आम जन एवं पंच, सरपंच सामाजिक संस्थाएं एवं पत्रकार बंधुओं को आमंत्रित किया गया है।

### व्यक्तिगत शौचालय बनाने ग्रामीणों से आवेदन आमंत्रित

**जशपुरनगर।** स्वच्छता को सम्मान का प्रतीक मानते हुए जिला पंचायत जशपुर ने ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय निर्माण को प्रोत्साहित करने शौचालय बनाओ दृ सम्मान बढ़ाओ पहल शुरू की है। इसके अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन के तहत 504 शौचालयों के निर्माण हेतु पात्र हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह योजना शौचालय बनाओ, सम्मान बढ़ाओ के सिद्धांत पर आधारित है, जिसका उद्देश्य हर ग्रामीण परिवार को स्वच्छता की सुविधा प्रदान कर खुले में शौच मुक्त वातावरण बनाना है। जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के आठ विकासखंडों में पात्र हितग्राहियों का चयन किया जाएगा। इनमें पत्थलगांव में 224, बगीचा में 31, दुलदुला में 27, कुनकुरी में 65, कांसाबेल में 66, फरसाबहार में 79, जशपुर में 9 और मनोरा में 3 हितग्राही शामिल होंगे। इच्छुक ग्रामीण हितग्राही अपने-अपने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन के साथ आधार कार्ड और बैंक पासबुक की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

### उज्ज्वला योजना अंतर्गत जिले में आवेदन आमंत्रित

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के तहत जिले में पात्र हितग्राहियों से निःशुल्क गैस कनेक्शन हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। कलेक्टर रोहित व्यास ने बताया कि जिन हितग्राहियों ने हाल ही में आयोजित सुशासन त्योहार के दौरान शिविरों में गैस कनेक्शन के लिए आवेदन प्रस्तुत किए थे, उन्हें प्राथमिकता सूची में शामिल किया गया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपना आवास पूर्ण कर चुके लाभार्थियों को भी प्राथमिकता के आधार पर उज्ज्वला योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। इच्छुक पात्र हितग्राही निकटतम पीडीएस (सार्वजनिक वितरण प्रणाली) दुकान में निर्धारित प्रपत्र के अनुसार आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन जमा कर सकते हैं। पीडीएस विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि वे प्रत्येक आवेदन का पंजीयन सुनिश्चित करें और आवश्यक दस्तावेजों सहित संपूर्ण प्रस्ताव संबंधित गैस एजेंसी को समयबद्ध तरीके से प्रेषित करें।

### आयुष मेडिकल छात्रों का आमरण अनशन जारी

# राउरकेला में अनशनरत दो छात्राओं की तबीयत बिगड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला



- 7 कॉलेजों के 1807 छात्र 8 दिसंबर से अनशन एक

राउरकेला सेक्टर 21 नया बाजार के होमियोपैथी आयुष मेडिकल कॉलेज समेत ओडिशा के साल आयुष मेडिकल कॉलेज के 1807 छात्र छात्राओं ने 8 दिसंबर से आमरण अनशन शुरू कर दिया है।यह अनशन मंगलवार नौ दिसंबर को दूसरे दिन भी जारी है।लेकिन राउरकेला मे अनशन रत सोनाली कलसी समेत दो छात्राओं की तबियत बिगड़ गई। अनशन के मद्देनजर कॉलेज मे डॉक्टरों की टीम के साथ पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

छात्रों के अनुसार बीते नवंबर से अपनी पाँच सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन सौंपते आ रहे हैं। काला बैज पहनकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन, 24 नवंबर से राज्यव्यापी कॉलेज बंद और 30 नवंबर से दिन रात धरना प्रदर्शन के बाद भी उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं। राउरकेला में अनशन पर बैठे स्मृति सागर बल व स्नेहा कुमारी ने मीडिया से बातचीत में महीने भर पहले शांतिपूर्ण आंदोलन शुरू करने से लेकर आमरण अनशन पर बैठने तक सरकार द्वारा उनकी सुध नहीं लेने पर नाराजगी जताई और आयुष चिकित्सा के फायदे गिनाए। छात्रों का कहना है कि देश का भविष्य माने जाने वाले मेडिकल विद्यार्थियों को ऐसी परिस्थिति में मजबूरीवश आमरण अनशन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। उनका आरोप है कि लगातार ज्ञापन और विरोध के बावजूद सरकार ने एक भी मांग पर ठोस कदम नहीं उठाया है। छात्रों ने यह भी बताया कि राज्य भर के आयुष छात्रों के सफेद कोट पहनकर आंदोलन करने परए स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर ब्रह्मपुर आयुर्वेद महाविद्यालय के एक छात्र को निलंबित किया गया, जिससे असंतोष और बढ़ गया।

## कलेक्टर ने परखा प्राइवेट स्कूल में पढ़ रहे आरटीई के बच्चों का ज्ञान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

- छात्र-छात्राओं के अपार आईडी, जाति प्रमाण पत्र शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए

कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने सारंगढ़ विकासखंड के अशोका पब्लिक स्कूल और भारत माता स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने दोनों स्कूलों में प्रायमरी बच्चों को ब्लैक बोर्ड में लिखे वाक्य को पढ़ने, गिनती, पहाड़ा के लिए कहा। बच्चों ने वाक्य को पढ़कर, और गिनती, पहाड़ा भी सुनाया।

कलेक्टर ने दोनों निजी स्कूलों के प्राचार्य और जिला शिक्षा अधिकारी को जाति प्रमाण पत्र, अपार आईडी और शिक्षा का अधिकार आरटीई के तहत निजी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों की संख्याए मिल रहे सुविधा के बारे में जानकारी लेकर जिले के सभी स्कूलों को लक्ष्य के अनुरूप जाति प्रमाण पत्र, अपार आईडी के कार्य को पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। बोर्ड परीक्षा की प्रारम्भिक तैयारी के मद्देनजर कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों से पूछा और मार्गदर्शन देते हुए कहा किए भौतिकी, रसायन, गणित और वाणिज्य विषय के बोर्ड परीक्षा के कई वर्षों में आए प्रश्नों की अभ्यास करते रहेंगे तो आत्मविश्वास स्वयं आ जाएगा। कलेक्टर ने कहा किए परीक्षा के दिनों में खानपान का ध्यान रखे ताकि तबियत नहीं बिगड़े। साथ ही पढ़ाई के दौरान बीच बीच में टहलना आदि भी करें ताकि दिमाग पर बोझ नहीं लगे। कलेक्टर ने बच्चों को कहा कि हमेशा दिमाग़ को शांत रखें और मेहनत कर अच्छा रिजल्ट लाएं। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी जोइधा राम डहरिया, सहायक आयुक्त आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग बद्रीश सुखदेवे उपस्थित थे।

## बिजली विभाग ने लगाया सिंगल फेज न लाइट जल रही न चल रहा है पंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टारेट में आयोजित जनदर्शन में राशन कार्ड, चिकित्सा एवं आर्थिक सहायता, आवास, वृद्धापेंशन आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में अपर कलेक्टर रवि राही ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर यथासंभव निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का प्रमुखता से निराकरण करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

जनदर्शन में ग्राम-कोटरीमाल, घरघोड़ा के ग्रामीणों ने बताया कि उनके मोहल्ले में 1 फेस ही सप्लाई की गई है, लो वोल्टेज के कारण पीने का पानी पंप भी नहीं चल पा रहा है। इस संबंध में विद्युत अधिकारी घरघोड़ा को कई बार अवगत करा चुके है, लेकिन आज तक निराकरण नहीं हो पाया है। तहसील छाल अंतर्गत ग्राम पंचायत बेहरामुड़ा के ग्रामीणों ने बताया कि राशन दुकान संचालक द्वारा 4 माह पूर्व ई-पॉश मशीन में फिंगर लगवाया था, लेकिन राशन सामग्री नहीं दे रहे है। जिसकी वजह से समस्त ग्रामवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अपर कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लेते हुए खाद्य निरीक्षक को जांच करने के निर्देश दिए। वहीं ग्राम-कोटरीमाल, घरघोड़ा के ग्रामीणों ने बताया कि उनके मोहल्ले में 1 फेस ही सप्लाई की गई है, लो वोल्टेज के कारण पीने का पानी पंप भी नहीं चल पा रहा है। इस संबंध में विद्युत अधिकारी घरघोड़ा को कई बार अवगत करा चुके है, लेकिन आज तक निराकरण नहीं हो पाया है। अपर कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को इसे गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया।

### फर्जी लोगों का राशन कार्ड में दर्ज है नाम

धरमजयगढ़ के लुकेश्वर यादव ने बताया कि ग्राम पंचायत ढोढ़ागांव राशन दुकान में संदिग्ध लोगों के नाम से फर्जी राशन कार्ड जारी किया गया है और उन्हें राशन का वितरण भी किया जा रहा है। अपर कलेक्टर ने इस पर जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की बात कही। विकासखण्ड पुसौर ग्राम-दर्रीपाली के चंद्रमणी चौहान ने बताया कि उनकी निजी कृषि भूमि पर बीएसएनएल द्वारा 90 फीट लम्बा केबल बिछाया गया है, जिससे उनकी फसलों को नुकसान हो रहा है।

### पतराटोली हादसाः ट्रेलर चालक गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** दुलदुला थाना क्षेत्र के ग्राम पतराटोली में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में फरार चल रहे



आरोपी ट्रेलर चालक को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह हादसा 6 और 7 दिसंबर 2025 की दरम्यानी रात नेशनल हाईवे-43 पर लोरों से पतराटोली के बीच पंडरीपानी मोड़ के पास हुआ था, जहां हुंडई आई-20 कार और ट्रेलर के बीच आमने-सामने की भीषण टक्कर में कार सवार पांच युवकों की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में ट्रेलर चालक रियाजुद्दीन उम्र 42 वर्ष, निवासी ग्राम भंडारों, थाना बरही, जिला हजारीबाग, झारखंड को दुलदुला क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 एवं 106(1) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। साथ ही घटना में प्रयुक्त ट्रेलर क्रमांक एनएल -01 एबी -5953 को भी जब्त कर लिया गया है।

## जिला स्तरीय सांसद खेल महोत्सव की तैयारी, 13 से होगा शुरू

### चयनित 5000 युवा प्रतिभागी विभिन्न खेलों में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुंदरगढ़



सुंदरगढ़ भवानीपुर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 13 से 16 दिसंबर तक तीन दिवसीय जिला स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसे सफल बनाने मंगलवार नौ दिसंबर को भाजपा सुंदरगढ़ व राउरकेला जिला संगठन द्वारा महोत्सव की तैयारियों की बैठक भाजपा जिला कार्यालय भोजपुर में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गिरीश चंद्र साहू ने की। बैठक में पांच दिसंबर से पंचायत, ब्लॉक और विधानसभा स्तर पर हुए खेल महोत्सव में चयनित 5000 से अधिक बालक एवं बालिकाओं की भागीदारी पर चर्चा हुई।

महोत्सव में तीरंदाजी, हॉकी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, खो.खो, कबड्डी, हैंडबॉल, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, साइकलिंग, एथलेटिक्स, योग सहित रंगोली, पूची और पारंपरिक खेल आयोजित किए जाएंगे।

इस तैयारी बैठक में राज्य कार्यकारिणी सदस्य बटकीशोर मिश्रए नरसिंह मिंज, राहासबिहारी प्रधान, जिला उपसभापति, पूर्व जिला कार्यकारी सभापति, पूर्व राज्य कार्यकारिणी सदस्य, जिला कोषाध्यक्ष, राउरकेला संगठन जिला संयोजक, रघुनाथपल्ली निर्वाचन मंडल के संयोजक, वीरमित्रपुर निर्वाचन मंडल के संयोजक, राउरकेला निर्वाचन मंडल के संयोजक, राज्य युवा मोर्चा सदस्य समेत दल के सभी राष्ट्रीय, राज्य और जिला पदाधिकारी, मंडल सभापति, सांसद प्रतिनिधि, सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम के जिला और मंडल स्तरीय संयोजकए सह संयोजक और वरिष्ठ नेतृत्व शामिल हुए।

## निर्माणाधीन भवन में अनियमितताए अधिवक्ता संघ ने की सुधार की मांग

**सारंगढ़।** जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष विजय कुमार तिवारी के नेतृत्व में निर्माणाधीन कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व न्यायालय भवन का स्थल निरीक्षण किया।

निरीक्षण दल में प्रवक्ता दीपक तिवारी, वरिष्ठ अधिवक्ता देवेंद्रनाथ नंदे एवं अभय मिश्रा सहित अन्य अधिवक्ता शामिल थे। निरीक्षण के दौरान संघ ने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, कार्य प्रगति, भवन के नक्शे एवं स्वीकृत इस्टीमेट की जानकारी ली। प्रारंभिक अवलोकन में निर्माण कार्य इस्टीमेट व निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं होने की बात कही गई। निर्माणाधीन ढाँचे पर पानी की क्योरिंग व्यवस्था अपर्याप्त है। श्रमिक सुरक्षा और सुविधा संबंधी प्रावधान भी नजर नहीं आया। संघ ने यह भी इंगित किया कि निर्माण स्थल पर निर्देश व जानकारी



दर्शाने वाला अनिवार्य बोर्ड तक स्थापित नहीं है, जो निर्माण संबंधी पारदर्शिता व सुरक्षा मानकों के विरुद्ध है। अधिवक्ता दल ने स्थिति को गंभीर मानते हुए तत्काल गुणवत्ता सुधार की आवश्यकता जताई। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2010 में निर्मित सिविल न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायालय भवन भी इसी निर्माण एजेंसी द्वारा निर्मित किया गया था। उद्घाटन से पूर्व ही भवन की छत में दरारें आने लगी थीं तथा समय समय पर मरम्मत करानी पड़ी।

### न्यायिक आधारभूत संरचना मजबूत हो

संघ का मानना है कि जिला बनने के बाद सारंगढ़ के लिए मजबूत न्यायालय भवन न्यायिक विकास, जनता की सुविधा व त्वरित न्याय उपलब्धता के लिए अत्यंत आवश्यक है। निर्माण कार्य यदि निर्धारित मानकों के अनुसार नहीं हुआ तो भविष्य में भवन की स्थायित्व एवं सुरक्षा पर जोखिम उत्पन्न हो सकता है। अधिवक्ता संघ ने शासन एवं निर्माण एजेंसी से अपेक्षा जताई है कि निरीक्षण में उजागर लापरवाहियों पर शीघ्र सुधारात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि सारंगढ़ को एक दृढ़, सुरक्षित व पूर्ण मानकों वाला न्यायालय भवन प्राप्त हो सके।

## एनटीपीसी लारा ने किया डस्टबिन का वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

समुदाय की साफ़-सफ़ाई को बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुएए एनटीपीसी लारा ने 9 दिसम्बर को एक असरदार सफ़ाई पहल शुरू की, जिसमें सरकारी स्कूलों, आंगनवाड़ियों, लोकल हॉस्पिटल और खास पब्लिक जगहों पर डस्टबिन बांटे गए।

यह एक्टिविटी एनटीपीसी के साफ़ और ज़्यादा ज़िम्मेदार रहने वाले माहौल को बढ़ावा देने के गहरे कमिटमेंट को दिखाती है। यह इवेंट केशव चंद्र सिंघा रॉय, की प्रेरणा देने वाली मौजूदगी में हुआ जिनकी लीडरशिप ने मिलकर काम करने का माहौल बनाया। प्रोग्राम में स्कूल टीचर, आंगनवाडी वर्कर, हॉस्पिटल स्टाफ और कम्युनिटी के लोगों ने हिस्सा लियाए सभी ने मिलकर सफ़ाई और सही वेस्ट मैनेजमेंट की अपील की। वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए, सिंघा रॉय ने सभी से सफ़ाई का एंबेसडर बनने की अपील कीए और कम्युनिटी को याद दिलाया कि छोटे कदम भी बड़े बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने देश के मिशन स्वच्छ भारत, विकसित भारत के साथ एनटीपीसी लारा के जुड़ाव को दोहराया और दिए गए डस्टबिन के लगातार और सोच समझकर इस्तेमाल की अहमियत पर ज़ोर दिया। यह पहल न केवल स्थानीय सफ़ाई सुविधाओं को बेहतर बनाती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सस्टेनेबल कम्युनिटी डेवलपमेंट में एक ड्राइविंग फ़ोर्स के रूप में एनटीपीसी लारा की भूमिका को भी मज़बूत करती है।

### अभी तक नहीं शासन से कोई निर्देश, अधिकारी कर रहे हैं इंतजार

# जिले के 1 लाख से अधिक परिवारों को मिलेगा हाफ बिजली योजना का लाभ, अगले माह के बिल में दी जाएगी रियायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राज्य सरकार के द्वारा बिजली बिल में फिर से रियायत देने की घोषणा की गई है। जिसके अनुसार 200 यूनिट तक के उपभोक्ताओं को बिल में रियायत प्रदान की जाएगी। पिछले 4 माह से बिजली उपभोक्ताओं को केवल 100 यूनिट तक का ही लाभ दिया जा रहा था ।जिसे अब बढ़ा कर 200 यूनिट कर दिया गया है।

उपभोक्ताओं को यह लाभ अगले माह, जनवरी माह से इस योजना का लाभ मिलना शुरू हो जायेगा। इस योजना के तहत जिले के लगभग 1 लाख 34 हजार 692 लोगों को इस योजना का लाभ मिलेगा। नई स्कीम से जहां उपभोक्ताओं में राहत की उम्मीद जगी है तो वहीं कई सवाल भी खड़े हो रहे हैं।खासतौर पर




उन उपभोक्ताओं के लिए जिनकी खपत 200 यूनिट के आसपास रहती है। दरअसल पहले उपभोक्ताओं को 400 यूनिट तक भी हॉफ बिल योजना का लाभ मिलता था, जबकि अब एक यूनिट भी अधिक होनें पर पूरा बिल लग जाएगा।

### चार महीने पहले बढ़ा था बोझ अब राहत की उम्मीद

कुछ महीनें पहले सरकार के द्वारा सोलर लगानें को बढ़ावा देने के उद्धेश्य से इस योजना को बंद कर दिया गया था। उसके बाद स्मार्ट मीटर लगानें का काम किया जानें लगा जिससे उपभोक्ताओं से बिजली बिल अधिक आनें की शिकायतें लगातार आ रही थी,हर माह लोग बिल लेकर बिजली ऑफिस पहुंच रहे थे। हॉफ योजना पुन शुरू करनें पर उपभोक्ताओं में राहत की उम्मीद है।

### अब तक नहीं आया कोई पत्र

बिजली विभाग के ईई आर के राव ने बताया कि जिले में 200 यूनिट तक के बिल वाले कुल उपभोक्ता 1 लाख से अधिक हैं। वहीं 200 से 400 तक के 18 हजार से अधिक उपभोक्ता है। अभी 200 यूनिट तक के छूट को लेकर शासन की तरफ से कोई दिशा निर्देश नहीं आया है। जैसे ही आवश्यक दिशा निर्देश आयेगा , उपभोक्ताओं को बिल में छूट का लाभ मिलनें लगेगा।

## नगर पंचायत बिलाईगढ़ में लाखों की गड़बड़ी वार्डो में काम हुआ नहीं, हो गया भुगतान

**बिलाईगढ़।** नगर पंचायत बिलाईगढ़ में लाखों की गड़बड़ी का मामला सामने आया है। यहां बिना काम करीब 26 लाख भुगतान करने का आरोप लगायाजा रहा है। इसे लेकर लोगों में नाराजगी नजर आने लगी है। वार्डवासियों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक हर कोई नगर पंचायत की कार्यशैली पर सवाल उठा रहा है। नगर पंचायत द्वारा 8 दिसंबर को जारी पत्र से गड़बड़ी का खुलासा हुआ है। इसमें विभिन्न महिला स्व सहायता समूहों के नाम पर किए गए भुगतान का विवरण है। चौंकाने वाली बात यह है कि जिन महिला समूहों के नाम पर लाखों के कार्य दर्शाए गए हैं, उनके द्वारा नगर के किसी भी वार्ड में कोई कार्य ही नहीं कराया गया है। वार्डवासियों ने भी कहा कि न तो कोई कार्य हुआ और न ही कोई जानकारी दी गई। इसके बावजूद 25 लाख 97 हजार 744 रुपए पार्षद अनुशंसाओं के नाम पर निकाल ली गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिना काम यह राशि जारी कर दी गई।

### किस समूह को कितनी दी गई राशि

आरोहन स्व सहायता समूह 8 लाख 59 हजार 200 रुपए, वार्ड 01, 05, 14
माया स्व सहायता समूह 5 लाख 79 हजार 660 रुपए, वार्ड 06, 02
जाहन्वी स्व सहायता समूह 5 लाख 79 हजार 224 रुपए, वार्ड 03, 10
जय मां समलाई स्व सहायता समूह 5 लाख 79 हजार 660 रुपए, वार्ड 11, 04,
कुल भुगतान 25 लाख 97 हजार 744 रुपए ।



# जल्लाद के रोल में असली धुरंधर साबित हुए अक्षय...

**नई दिल्ली।** फिल्म 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस में भौकाल मचा रही है, वहीं सोशल मीडिया पर रहमान डकैत बने अक्षय खन्ना ट्रेंड कर रहे हैं। अक्षय खन्ना खूंखार गैंगस्टर के किरदार में धांसू लगे हैं, जिसके दहशत से लोग कभी थरथर कांपते थे। उसके कारनामे देखकर लोगों के हलक सूख जाते थे। फिल्म में रहमान डकैत बने अक्षय खन्ना की अदाकारी फिल्म के बाकी धुरंधरों पर भारी पड़ रही है। आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' असली घटनाओं से प्रेरित है, जिसमें भारत-पाक के आतंकवाद के खिलाफ जंग को दिखाया गया है। फिल्म की कहानी 2000 के दशक के आखिर में कराची के लियारी इलाके के इर्द-गिर्द बुनी गई है।

लाइफ Style

# शुभांगी

## तन्वी द ग्रेट के लिए मिला बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री शुभांगी दत्त ने अनुपम खेर की निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। इसी फिल्म के लिए उन्हें ऑस्ट्रेलिया के अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट एक्ट्रेस के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

यह कार्यक्रम 6 दिसंबर को ऑस्ट्रेलिया में हुआ था। 'तन्वी द ग्रेट' के लिए शुभांगी दत्त को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस फेस्टिवल में 'तन्वी द ग्रेट' को बेस्ट स्क्रीनप्ले का अवॉर्ड भी मिला। स्क्रीनप्ले अनुपम खेर, अभिषेक दीक्षित और अंकुर सुमन ने मिलकर लिखा था। शुभांगी ने खुशी जताते हुए कहा, 'यह अवॉर्ड जीतना बहुत खास और अजीब सा लग रहा है। तन्वी का किरदार बहुत ईमानदारी, कमजोरी, अनुशासन और ताकत मांगता था।' आगे शुभांगी ने अनुपम का शुक्रिया अदा करते हुए कहा, मैं बहुत शुक्रगुजार हूं कि दुनिया भर के दर्शकों को फिल्म और उसका सुंदर मैसेज पसंद आया। अनुपम सर का बहुत-बहुत शुक्रिया जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मुझे जिंदगी भर याद रहने वाला रोल दिया। इस दौरान अनुपम खेर ने कहा, 'यह बहुत अच्छी जीत है। शुभांगी ने तन्वी के किरदार में पूरी जान डाल दी। यह फिल्म दिल से बनी है और इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा जाना बहुत खुशी की बात है।' फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की कहानी एक ऑटिस्टिक लड़की तन्वी की है, जो अपने दिवंगत पिता का सपना पूरा करने के लिए सियाचिन (दुनिया का सबसे ऊंचा युद्धक्षेत्र) पहुंचकर भारतीय तिरंगा फहराना चाहती है।




हॉलीवुड मसाला



# शादी के लिए वेन्यू की तलाश खत्म

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन सिंगर और युवा दिलों की धड़कन टेलर स्विफ्ट ने जब फुटबॉल प्लेयर ट्रैविस केल्स संग सगाई की घोषणा की, तो दुनियाभर में उनके फैंस दीवाने हो गए। टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स रोड आइलैंड के ओशन हाउस में शादी करने का प्लान बना रहे हैं। यह शादी 13 जून, 2026 को होने वाली है। टेलर स्विफ्ट अपनी 1.6 बिलियन डॉलर (14416.88 करोड़ रुपए) की नेट वर्थ में से अच्छा-खासा पैसा अपनी लग्जरी वेडिंग पर खर्च करने वाली हैं। दोनों टेनेसी में एक ब्लैकबेरी फार्म पर भी कुछ समय के लिए विचार कर रहे थे। लेकिन, अब शादी के लिए अगल वेन्यू 'ओशन हाउस होटल' तय किया गया है।



# 17 साल का लड़का, जो 9 लोगों का करता है मर्डर

**लॉस एंजिल्स।** एक साइकोलॉजिकल हॉरर-ड्रामा सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसकी पहला सीजन 2013 में आया था और आखिरी सीजन 2017 में आया था। इसे कार्लटन क्यूज, केरी एहरिन और एंथनी सिप्रियानो ने मिलकर डेवलप किया था। इसके डायरेक्शन में टकर गेट्स, टीम मेंटॉर्फ और सारा बॉयड जैसे कई एक्सपीरियंसड नाम जुड़े थे। इस सीरीज की खासियत इसकी डार्क टोन और किरदारों की गहराई में उतरती कहानी है। इस सीरीज की कहानी नॉर्मन बेट्स और उसकी मां नॉर्मा के रिश्तों के ईद-गिर्द घूमती है। कैसे वे एक छोटे शहर में नया जीवन शुरू करने के लिए मोटल खरीदते हैं, लेकिन धीरे-धीरे मिस्टीरियस घटनाएं और नॉर्मन की मेंटल हेल्थ सामने आती है। सीरीज दिखाया गया है कि कैसे मासूम सा दिखने वाला नॉर्मन एक खतरनाक सीरियल किलर बन जाता है, जो 9 लोगों को मौत के घाट उतार देता है।



# बेटी के जन्म के बाद पहली बार दिखीं

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी अपने पहले बच्चे को जन्म देने के बाद पहली बार पब्लिकली नजर आईं। उन्होंने 15 जुलाई 2025 को बेटी सरायाह मल्होत्रा को जन्म दिया था। अब करीब 6 महीने बाद फैंस को उनकी झलक देखने को मिली है। कियारा ने पपाराजी से बात भी की। उन्होंने ये भी बताया कि उनकी बेटी कैसी है। कियारा आडवाणी के वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। फैंस का कहना है कि बेटी को जन्म देने के बाद भी कियारा बिल्कुल नहीं बदली हैं। वो पहले जैसी ही फिट और खूबसूरत दिख रही हैं। कियारा से पपाराजी ने पूछा कि उनकी बेटी सरायाह मल्होत्रा कैसी हैं तो उन्होंने कहा कि वो बिल्कुल ठीक हैं। मालूम हो कि कियारा ने 7 फरवरी 2023 को सिद्धार्थ मल्होत्रा से जैसलमेर के सूर्यगढ़ पैलेस में ग्रैंड वेडिंग की थी।



# हैवान की शूटिंग हुई खत्म सैफ ने काटा केक

**मुंबई।** अक्षय कुमार और सैफ अली खान की आने वाली फिल्म 'हैवान' की शूटिंग आधिकारिक तौर पर पूरी हो गई है। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस ने सोशल मीडिया पर पूरी टीम की आखिरी ग्रुप फोटो शेयर करते हुए यह खुशखबरी दी। इन तस्वीरों में सैफ अली खान, फिल्म के निर्देशक प्रियदर्शन और सैयामी खेर समेत कई कलाकार और क्रू मेंबर्स बेहद खुश नजर आ रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म में एक बहुत बड़ा कार चेज सीन फिल्माया गया है। इसमें 30-40 लग्जरी कारों और करीब 100 जूनियर आर्टिस्ट्स का इस्तेमाल किया गया। यह सीन चर्चगेट (मुंबई) की सड़कों पर लगातार 5 रातों तक शूट हुआ। इस शानदार एक्शन को विश्व प्रसिद्ध स्टंट डायरेक्टर स्टंट सिल्वा ने डिजाइन किया है। फिल्म 'हैवान' अगले साल 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

टीवी मसाला



# सिर्फ ट्रॉफी और कैश प्राइज ही नहीं गौरव ने जीती इतनी सारी चीजें

**नई दिल्ली।** टीवी के सुपरस्टार गौरव खन्ना ने 'बिग बॉस 19' की ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। शो के होस्ट सलमान खान ने अनाउंस किया कि उन्हें सिर्फ ट्रॉफी ही नहीं, बल्कि 50 लाख रुपएकी प्राइज मनी भी मिली है। सिर्फ इतना ही नहीं, शो के दौरान गौरव ने कई सारी चीजें जीती हैं। बिग बॉस के घर में स्पॉन्सर टास्क हुआ था। इस टास्क के दौरान गौरव खन्ना को घरवालों के सबसे ज्यादा वोट्स मिले थे जिसकी वजह से सिट्रोएन उन्हें ब्रांड न्यू सिट्रोएन कार मिली थी। गौरव खन्ना को मोस्ट स्टाइलिश कंटेस्टेंट होने का खिताब मिला था और फ्लिपकार्ट ने उन्हें अपनी तरफ से 1.5 लाख रुपये का फ्लिपकार्ट वाउचर भी दिया था। डेन्यूब ने बिग बॉस के टॉप 6 कंटेस्टेंट्स से वादा किया था कि वह उन्हें क्रूज पार्टी का एक्सेस देगा। जब भी कंटेस्टेंट्स क्रूज पार्टी के पासेस लेकर दुबई जाएंगे तब डेन्यूब उन्हें लग्जरी क्रूज पार्टी को एक्सपीरियंस करने का मौका देगा। कोईमोई की रिपोर्ट के मुताबिक, गौरव खन्ना की एक हफ्ते की सैलरी 17.5 लाख रुपए की थी और उन्होंने बिग बॉस में 15 हफ्तों का सफर पूरा किया। मतलब उन्हें इस शो से कुल 2.62 करोड़ रुपये की फीस मिली है। इसके साथ ही उन्हें 50 लाख रुपये की प्राइज मनी भी मिली। यानी उन्होंने 'बिग बॉस 19' से कुल 3.12 करोड़ रुपए की कमाई की है।

## रूपल बनीं नोमिश की दुल्हनिया

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 9' का हिस्सा रह चुकीं रूपल त्यागी ने भी सात फेरे ले लिए हैं। उन्होंने नोमिश भारद्वाज से 5 दिसंबर को ही शादी की और अब उसकी ढेरों तस्वीरें इंटरनेट पर शेयर की। हालांकि, उनके इस वेडिंग एल्बम में दुल्हेराजा कहीं नजर ही नहीं आए। उनके दोस्तों ने जो साथ की फोटोज पोस्ट की थीं, उससे ही उनकी झलक देखने को मिली। 'सपने सुहाने लड़कपन' में गुंजन का किरदार निभाने वाली रूपल त्यागी ने अपनी शादी को प्राइवेट रखा। बहुत ही खास और करीबी को इन्वाइट किया था। रूपल त्यागी ने लाल रंग का लहंगा शादी के लिए चुना था। इस पर उन्होंने आर्टीफीशियल ज्वैलरी के बजाए, मां के गहने पहनना पसंद किया। सोने के आभूषणों से लदी एक्ट्रेस बेहद सुंदर लग रही थीं। रूपल त्यागी ने बताया कि उन्होंने अपनी मां का नेकलेस, इयरिंग, हाथफूल और कड़ा पहना था। उनके लहंगे की बेल्ट पर उनके और पति का आधा-आधा नाम लिखा था। नोमिश से वह मुंहई में दो साल पहले एक दोस्त के जरिए मिली थीं। उनके पति कैमरे के पीछे एनीमेशन में लॉस एंजिल्स में काम करते हैं।



# स्टेज पर परफॉर्म कर रही कनिका पर शख्स ने अचानक किया हमला



मुंबई। कनिका कपूर फिर से चर्चा में हैं। कनिका अपने किसी गाने की वजह से नहीं, बल्कि उनके साथ कॉन्सर्ट में हुए हादसे की वजह से सुर्खियों में बनी हुई हैं। कनिका का एक वीडियो कॉन्सर्ट के दौरान का सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक शख्स उनके साथ बदसलूकी करता नजर आ रहा है। कनिका कपूर बॉलीवुड की पसंदीदा गायिकाओं में से एक हैं। वह एक दशक से भी ज्यादा समय से लोगों के दिलों पर राज कर रही हैं। हाल ही में एक कॉन्सर्ट के दौरान कनिका पर एक शख्स ने हमला कर दिया, जो मंच पर पहुंचकर उन्हें उठाने की कोशिश कर रहा था। वो तो गनीमत है कि गायिका के सुरक्षाकर्मी सक्रिय थे और उन्होंने उस व्यक्ति को मंच से नीचे उतार दिया। इस घटना के कई वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। कनिका का यह वीडियो मे-गोंग फेस्टिवल के दौरान का है। कनिका का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जहां कुछ लोगों का कहना है कि ये कनिका का प्रोफेशनलिज्म है कि उन्होंने बिना घबराए अपनी परफॉर्मेंस जारी रखी। तो वहीं कुछ कनिका के रिएक्शन को देखने के बाद इसे स्क्रिप्टेड इंसीडेंट बता रहे हैं।

# कॉमेडी-एक्शन से लेकर क्राइम-थ्रिलर तक, ओटीटी पर इस हफ्ते दर्शकों को मिलेगा एंटरटेनमेंट का डोज

*नई दिल्ली। दिसंबर का दूसरा हफ्ता दर्शकों के लिए खास होने वाला है। साल के आखिर में ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर मनोरंजन की बारिश करने की पूरी प्लानिंग की जा चुकी है। हर बार की तरह इस बार भी कॉमेडी, थ्रिलर, मिस्ट्री, एडवेंचर और इमोशनल ड्रामा- हर जोनर का कंटेंट लाया गया है। नेटफ्लिक्स, जियोहॉटस्टार और जी 5 जैसे प्लेटफॉर्म्स पर एक से बढ़कर एक शो और फिल्में आपका इंतजार कर रही हैं। a*

**सिंगल पापा** : 12 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर अभिनेता कुनाल खेमू एक बार फिर हल्के-फुल्के, लेकिन दिल को छू लेने वाले किरदार में वापसी कर रहे हैं। कहानी एक ऐसे आदमी की है, जो तलाक के बाद जिंदगी को नये ढंग से जीना चाहता है। इसी सोच में वह एक बच्चा गोद लेने का फैसला कर लेता है। यह निर्णय उसके पूरे परिवार को हैरानी में डाल देता है। कुनाल का यह किरदार हँसाता भी है और सोचने पर मजबूर भी करता है।

**मैन वर्सेज बेबी** : नेटफ्लिक्स पर ही 11 दिसंबर को मिस्टर बीन दस्तक देने वाले हैं। रोवन एटकिंसन की मौजूदगी ही कॉमेडी की गारंटी है। इस सीरीज में वह ट्रेवर बिंगली बने हैं—एक ऐसा शख्स जिसे क्रिसमस की छुट्टियों में एक आलीशान पेंटहाउस की देखभाल करनी है। सब कुछ तब बिगड़ जाता है जब वह एक परित्यक्त बच्चा पाता है। इसके बाद जो अराजकता शुरू होती है, वह दर्शकों को पेट पकड़ कर हँसने पर मजबूर कर देगी।

**परसी जैक्सन एंड द ओलंपियंस** : 10 दिसबंर को जियोहॉटस्टार पर मशहूर बुक सीरीज पर आधारित यह शो लौट आया है अपने नए रोमांच के साथ। इस बार परसी अपने दोस्तों के साथ एक खतरनाक मिशन पर जाता है- गोल्डन फ्लीस वापस लाने का। यह फ्लीस कैंप हाफ-ब्लड को बचाने के लिए जरूरी है। मिस्ट्री, मिथोलॉजी और मारधाड़ से भरपूर यह सीजन बच्चों और बड़ों दोनों को पसंद आएगा।



**साली मोहब्बत** : 12 दिसंबर को जी 5 पर ये फिल्म रिलीज हो रही है। राधिका आप्टे का नाम ही दमदार एक्टिंग की गारंटी है। इस थ्रिलर ड्रामा में वह एक ऐसी महिला बनी हैं जिसकी जिंदगी अचानक उस समय टूट जाती है, जब उसके पति और कज़िन की हत्या हो जाती है। छोटे शहर की यह कहानी धीरे-धीरे खुलते राज़, धोखे और रिश्तों में छिपे अंधेरे को सामने लाती है।

**सिटी ऑफ शैडोज** : बार्सिलोना की बैकड्रॉप पर बनी यह स्पेनिश क्राइम थ्रिलर दिल दहला देती है। एक ऐतिहासिक गाउदी बिल्डिंग पर लटके और जले हुए शव की बरामदगी के बाद शहर सनसनी में है। पुलिस इंस्पेक्टर मिलो मलार्ट, जो पहले ही सस्पेंड है, को मजबूरी में वापस बुलाया जाता है। केस की परतें खुलती हैं तो कहानी और गहरी होती जाती है। ये फिल्म 12 दिसबंर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है।

## अपनी साहसिक फैसलों से महिलाओं की ऑनस्क्रीन छवि को दी एक नई दिशा

# कभी मासूम बन पर्दे पर छाईं तो कभी बिकिनी पहन दिखाई बोल्डनेस

### पढ़े-लिखे और संस्कारी परिवार में हुआ जन्म

शर्मिला टैगोर का जन्म एक सांस्कृतिक, शिक्षित और सम्पन्न बंगाली परिवार में हुआ था। बचपन से ही साहित्य, संगीत और नृत्य से गहरा रिश्ता रहा। किशोरी उम्र में ही सत्यजीत रे ने उन्हें नोटिस किया और फिल्में उनके जीवन में ऐसे उतरीं कि फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

### फिल्मी पर्दे पर धमाकेदार डेब्यू

वर्ष 1964 में रिलीज हुई रोमांटिक फिल्म 'कश्मीर की कली' ने शर्मिला टैगोर को रातों-रात स्टार बना दिया। उनकी सुंदरता, बड़ी आंखें, मासूम मुस्कान और सहज अभिनय ने दर्शकों को तुरंत दीवाना बना दिया। यह फिल्म पहले किसी और अभिनेत्री के पास जाने वाली थी, लेकिन किस्मत ने यहां से उन्हें अपार सफलता दी। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

### शशि कपूर पर था क्रश

70 के दशक में शशि कपूर और शर्मिला टैगोर की जोड़ी को दर्शक हाथों-हाथ लेते थे। दोनों ने करीब 9 फिल्में साथ कीं और कैमिस्ट्री इतनी सहज थी कि शर्मिला खुद भी शशि कपूर पर क्रश होने की बात स्वीकार कर चुकी हैं। हालांकि, यह पसंद सिर्फ दोस्ती की दहलीज़ तक ही रही और दोनों अपनी-अपनी जिंदगी में आगे बढ़ गए।



*नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में अगर गरिमा, ग्लैमर, नजाकत और दमदार अभिनय को एक ही नाम से जोड़ा जाए, तो वह नाम है- शर्मिला टैगोर। 1946 में हैदराबाद में जन्मीं शर्मिला 81 वर्ष की हो चुकी हैं। सात दशकों से अधिक के फिल्मी सफर में उन्होंने अपनी सादगी, खूबसूरती और साहसिक फैसलों से न सिर्फ बॉलीवुड को बदला, बल्कि महिलाओं की ऑनस्क्रीन छवि को भी एक नई दिशा दी।*

**बॉलीवुड की सबसे सुपरहिट जोड़ी** : अगर हिंदी सिनेमा में किसी जोड़ी ने लगातार हिट पर हिट दीं- तो वह राजेश खन्ना और शर्मिला टैगोर की जोड़ी थी। फिल्म आराधना, अमर प्रेम, सफर जैसी फिल्मों ने दोनों को स्टारडम की चरम सीमा पर पहुंचा दिया। एक दौर ऐसा भी आया जब शर्मिला टैगोर इंडस्ट्री की सबसे अधिक फीस लेने वाली अभिनेत्री बन गईं। 1950-60 के दशक में यह उपलब्धि किसी भी महिला कलाकार के लिए असाधारण थी।

**पहली भारतीय अभिनेत्री जिसने बड़े पर्दे पर पहनी बिकिनी** : साल 1967 की फिल्म 'एन इवनिंग इन पेरिस' में शर्मिला टैगोर का बिकिनी पहनना आज भी भारतीय सिनेमा के सबसे साहसिक पलों में शुमार है। उस दौर में जब परंपरागत भूमिकाओं से आगे बढ़ना लगभग नामुमकिन था, उन्होंने अपनी छवि बदलने का जोखिम उठाया। इस कदम ने महिलाओं के लिए ग्लैमर, आत्मविश्वास और आधुनिकता के नए रास्ते खोले। 1968 में उन्होंने फिल्मफेयर मैगजीन के कवर पर भी बिकिनी पहनकर इतिहास रच दिया।

**पटौदी पर दिल हारा और बनीं आयशा बेगम** : फ़िल्मी फैन्स की भीड़ के बीच, शर्मिला टैगोर का दिल उस क्रिकेट स्टार पर आया जो कम बोलता था, लेकिन हर काम शाही अंदाज़ में करता था- मंसूर अली खान पटौदी। दोनों की प्रेम कहानी बेहद सादा और दिल से जुड़ी हुई थी। शादी के लिए शर्मिला ने धर्म परिवर्तन कर 'आयशा बेगम'का नाम अपनाया। यही रिश्ता आगे चलकर बॉलीवुड के सबसे रॉयल परिवारों में गिना जाने लगा। उनके तीन बच्चे- सैफ अली खान, सोहा अली खान और सबा अली खान आज अपने-अपने क्षेत्र में स्थापित नाम हैं।



### अभिनेत्री ने दीं लगातार हिट फिल्में

शर्मिला टैगोर ने देवानंद, धर्मेंद्र, शम्मी कपूर, राजेश खन्ना और शशि कपूर जैसे सभी टॉप अभिनेताओं के साथ काम किया। उन्होंने कई पुरस्कार जीते जिनमें राष्ट्रीय पुरस्कार, फिल्मफेयर अवॉर्ड, पॉपुलर एक्ट्रेस अवॉर्ड, लाइफटाइम अचीवमेंट जैसे पुरस्कार शामिल हैं। वो सेंसर बोर्ड की चेयरपर्सन भी रहीं और सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय हैं।

## खबर संक्षेप

### पालना कार्यकर्ता के लिए 23 तक आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ अंतर्गत पालना कार्यकर्ता के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 23 दिसंबर तक अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। परियोजना अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ के अंतर्गत स्वीकृत पालना केंद्रों के तहत ग्रामीण एवं नगरीय निकाय क्षेत्र में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र दया गली, वार्ड क्रमांक 35 में एक पद रिक्त है, जिसकी पूर्ति हेतु यह प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।

### उप निर्वाचन अधिकारी ने की समीक्षा

**सारंगढ़।** जनपद पंचायत बरमकेला में अपर कलेक्टर एवं जिला उप निर्वाचन अधिकारी प्रकाश सर्वे की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के कार्यों की प्रगति और अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हेतु बीएल, बीएलओ, सुपरवाइजर, मास्टर ट्रेनर तथा अधिकारी, कर्मचारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने चल रहे पुनरीक्षण कार्य की महत्ता पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता ही निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता की आधारशिला है। अपर कलेक्टर ने बीएलए को सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह करते हुए स्वच्छ एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने में सहयोग देने की बात कही। साथ ही बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई तथा कार्य के दौरान आने वाली चुनौतियों और कठिनाइयों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गईए जिससे मास्टर ट्रेनर द्वारा आने वाले कठिनाइयों को सरलता से बताया। मतदाता सूची के इस विशेष गहन पुनरीक्षण को 10 दिसम्बर तक पूर्ण रुप से त्रुटियां को दूरकर गुणवत्तापूर्ण एवं सटीक पुनरीक्षण कार्य सुनिश्चित किया जाए।

### एसआईआर फार्म भरने की अंतिम तिथि 11 तक

**सारंगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भारत के 12 राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेश अंडमान निकोबार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्यप्रदेश, पुदुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडू, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल में मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य को पूरा करने के लिए अंतिम तिथि 11 दिसंबर 2025 निर्धारित है। इस फॉर्म को भरने के लिए सबसे पहले अपने क्षेत्र के बीएलओ से सम्पर्क करना चाहिए, फिर 2003 की सर्वे सूची का रिकार्ड अनुसार फॉर्म को भरना चाहिए।

### झुलसी छात्रा की सांसे थमी पूर्व सीएम ने की चिंता

**राउरकेला।** राजगांगपुर के लांजीबेरणा में आग से झुलसकर एक कॉलेज छात्रा की मौत की घटना ने पूरे राज्य को झकझोर दिया है। घटना पर बीजेडी अध्यक्ष नवीन पटनायक ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि परिवार द्वारा पहले धमकी की शिकायत देने के बावजूद सरकार की निष्क्रियता बेहद चिंताजनक है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि ऐसी घटनाएँ राज्य में बढ़ती असुरक्षा को उजागर करती हैं और अपराधियों का मनोबल बढ़ाती हैं। पटनायक ने छात्रा के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उसकी आत्मा की शांति की कामना की।

### समारोह में विधायक उत्तरी जांगड़े, पदमा मनहर हुए शामिल

# पूर्व सरपंच की स्मृति में तीन दिवसीय बाबा गुरू घासीदास जयंती समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर

■ पंथी गायक वीरेंद्र चतुर्वेदी की प्रस्तुति से झूमे लोग

कोसीर के मंडलपारा में तीन दिवसीय परम पूज्य बाबा गुरू घासीदास की जयंती समारोह का शुभारंभ माहौल में हुआ। यह आयोजन पूर्व सरपंच स्व. लाभो लहरे की स्मृति में किया गया, जिसे गांववासियों और आयोजन समिति ने मिलकर विशेष रूप से सजाया संवारा। शोभायात्रा से हुई कार्यक्रम की शुरुआत समारोह के प्रथम दिवस गांव में एक विशाल और आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान पूरा गांव जय बाबा गुरू घासीदास के जयकारों से गूंज उठा। महिलाओं, युवाओं, सामाजिक संगठनों और स्थानीय कलाकारों की सहभागिता ने शोभायात्रा को विशेष रूप से ऐतिहासिक बना दिया।



कार्यक्रम में उपस्थित सारंगढ़ विधायक और अन्य अतिथि।

शोभायात्रा के पश्चात उपस्थित जनसमूह ने जैतखाम में पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध पंथी गायक वीरेंद्र चतुर्वेदी ने लोककला मंच रंग रंजन की शानदार प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुति पर उपस्थित जनसमूह ने खूब तालियां बजाई और सराहना की। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन जगजीवन जांगड़े गुरुजी ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में श्रोतासमाज, जनप्रतिनिधि और आयोजन परिवार मौजूद रहा। मुख्य अतिथि उत्तरी जांगड़े ने स्व. लाभो राम लहरे को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा बाबा गुरू घासीदास ने मनखे मनखे एक समान का संदेश देकर मानव समाज को एकता का मार्ग दिखाया है। हम सबको उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज को आगे बढ़ाना है। उन्होंने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचार शिक्षित बनो, संगठित रहो का उल्लेख करते हुए उपस्थित लोगों से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की। उत्तरी जांगड़े ने कहा भले ही एक रोटी कम खाएं, लेकिन बच्चों को जरूर पढ़ाएं। यही हमारी और समाज की प्रगति का मार्ग है। अंत में उन्होंने सभी ग्रामवासियों को गुरू घासीदास जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# धान खरीदी में पारदर्शिता और सुगमता से किसानों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में लागू ऑनलाइन टोकन प्रणाली से किसानों को बड़ी राहत मिली है। किसान घर बैठे मोबाइल ऐप टोकन तुहर हाथ के माध्यम से टोकन प्राप्त कर निर्धारित तिथि पर बिना भीड़ के अपना धान विक्रय कर पा रहे हैं। इससे समय की बचत हो रही है और उपार्जन केंद्रों पर अनावश्यक अव्यवस्था से भी निजात मिली है।

ग्राम लोइंग निवासी किसान बसंत कुमार पटेल ने बताया कि उन्होंने अपने 170 क्विंटल धान के विक्रय हेतु ऑनलाइन टोकन लिया। उपार्जन केंद्र में व्यवस्थाएं संतोषजनक हैं, भीड़ कम है और समय पर तौल हो रही है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई और उत्कृष्ट प्रबंधन से वे पूरी तरह संतुष्ट हैं। इसी तरह अन्य किसानों में भी धान विक्रय को लेकर उत्साह का माहौल है। जिले के किसानों ने इसके लिए राज्य शासन व जिला प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया।



### 105 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से सुचारू व्यवस्था

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 105 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए हैं। शासन की चेकलिस्ट के अनुरूप सभी केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, तौल-कांटा, बारदाना एवं स्टैकिंग जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इनमें से 15 केंद्र संवेदनशील तथा 4 केंद्र अति-संवेदनशील श्रेणी में रखे गए हैं, जहां विशेष निगरानी की जा रही है। अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर एवं कॉल सेंटर के माध्यम से कोचियों-बिचौलियों की गतिविधियों की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है।

# मातृ शक्ति सम्मान दिवस पर सफाई कर्मचारियों को किया कंबल वितरण

**घरघोड़ा।** जिला युवा कांग्रेस ग्रामीण ने जिला अध्यक्ष उस्मान बेग के नेतृत्व में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन पर सफाई कर्मचारियों का सम्मान कर कंबल वितरण किया गया। नारी सशक्तिकरण व सम्मान की प्रतीकण कांग्रेस वर्किंग कमिटी की चेयरपर्सन, अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के जन्मदिन को जिला युवा कांग्रेस रायगढ़ ग्रामीण ने आज मातृ शक्ति सम्मान दिवस के रूप में मनाया।



सशक्त नारी के रूप में कार्य कर रही महिला शक्ति सशक्तिकरण की प्रतीक महिला, जिन्होंने समाज को एक नई दिशा दी है घरघोड़ा क्षेत्र की सफ़ाई कर्मचारीयो का कंबल देकर उनको प्रोत्साहित कर सोनिया के लंबी उम्र का कामना किया। कांग्रेस नेता शिव शर्मा, किरोड़ी तायल, सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि सोनिया गांधी वर्तमान केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ पूरी ताकत से संघर्ष कर रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी प्रेरणा से ही आज कांग्रेस पूरे देश में भाजपा के खिलाफ मजबूती से खड़ी है। सोनिया गांधी के मार्गदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क से संसद तक जनहित के मुद्दों पर लगातार संघर्ष कर रहे हैं। वही जिला अध्यक्ष उस्मान बेग ने कहा की ने सोनिया गांधी को लंबी उम्र और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। कांग्रेस ने उनके नेतृत्व में पारित हुई ऐतिहासिक यूपीए कानूनों का विशेष उल्लेख किया, जिसमें ग्रामीण रोजगार गारंटी, शिक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार और खाद्य सुरक्षा अधिनियम जैसे महत्वपूर्ण कदम शामिल हैं। कार्यक्रम में उस्मान बेग के साथ शिव शर्मा, किरोड़ी तायल, सुरेन्द्र चौधरी, लीलाधर साहू, दया शंकर बेहरा, हेम सिह राठिया, गणेश राम राठिया, नारायण शर्मा, शिवम् गुप्ता समेत भारी संख्या में युवा कार्यकर्ता, महिलाएं बुजुर्ग आम जनता युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कुर्रा के रतिराम को मिला सपनों का आशियाना

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान पीएम-जनमन, जिसका प्रभाव रायगढ़ जिले में स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। इस योजना के अंतर्गत लैलूंगा विकासखंड के सुदूर ग्राम कुर्रा के निवासी रतिराम बिरहोर को उनके जीवन का सबसे बड़ा सपना-पक्का और सुरक्षित आवास-साकार हुआ। वर्षों तक कच्चे मकान में रहकर बरसात, ठंड और जहरीले जीव-जंतुओं के खतरे के बीच जीवन-यापन करने वाले रतिराम और उनका परिवार जब पीएम जनमन योजना के तहत स्वीकृत आवास में प्रवेश किया, तो वह क्षण उनके लिए अविस्मरणीय बन गया। आवास स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ और निर्धारित समय में पूर्ण भी हुआ। नया पक्का घर न केवल उन्हें सुरक्षा प्रदान कर रहा है, बल्कि उनके जीवन में स्थायित्व, आत्मविश्वास और सम्मान भी लेकर आया है। रतिराम का कहना है कि पहले जिस घर में रहना मजबूरी था, वहीं अब पक्के मकान में रहना गर्व की अनुभूति देता है।

# स्वच्छ भारत मिशन के राज्य सलाहकार ने किया विभिन्न ग्रामों का भ्रमण

### सामुदायिक स्वच्छता परिसरों के रख-रखाव एवं स्थिति का लिया जायजा

■ कचरा संग्रहण तथा पृथकीकरण पर की विस्तार से चर्चा

**रायगढ़।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वच्छता कार्यक्रमों की जमीनी हकीकत परखने एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य सलाहकार मोनिका सिंह एवं संभाग प्रभारी द्वारा जिले के जनपद पंचायत रायगढ़ अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत गोपालपुर, बनोरा, कुर्मापाली, कोसमनारा एवं लामीदरहा का दौरा कर वहां संचालित स्वच्छता गतिविधियों का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने स्वच्छाग्रहियों से सीधा संवाद करते हुए गांव में हो रहे घर-घर कचरा संग्रहण तथा गीले एवं सूखे कचरे के पृथकीकरण पर विस्तार से चर्चा की। राज्य सलाहकार ने ग्रामीणों से कहा कि घर से निकलने वाले कचरे को गीला और सूखा अलग-अलग करके ही स्वच्छाग्रहियों को दें, जिससे कचरा प्रबंधन की पूरी प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो सके। उन्होंने कहा कि कचरे का सही पृथकीकरण ही गांवों को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम है। भ्रमण के दौरान यूजर चार्जेस और प्रोत्साहन राशि के विषय में भी चर्चा की गई तथा स्वच्छाग्रहियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें निरंतर घर-घर कचरा संग्रहण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही गांवों में निर्मित सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निरीक्षण कर उनके रख-रखाव एवं उपयोग की स्थिति का जायजा लिया गया। ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिव, स्वच्छाग्राही समूह के अध्यक्ष व सचिव, समूह की दीदियां, रोजगार सहायक तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



# महिला जागरूकता की अलख जेंडर सखियों ने बदली सोच




**कटेली।** बरमकेला जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम चांटीपाली में महिलाओं को सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज़ बुलंद करने के लिए एक प्रेरणादायी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व जेंडर सखी संतोषी रात्रे एवं पीआरपी चमेली जांगड़े ने किया।

कार्यक्रम में बिहान से जुड़ी महिला समूहों के साथ.साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को महिला उत्पीड़न, नशा मुक्ति, बाल विवाह की रोकथाम एवं सामाजिक भेदभाव जैसे गंभीर विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। जेंडर सखी संतोषी रात्रे ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, घरेलू हिंसा से बचाव, पुलिस एवं प्रशासनिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में सरल भाषा में समझाया। वहीं पीआरपी चमेली जांगड़े ने नशा मुक्ति के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस तरह नशा पूरे परिवार और समाज को खोखला कर देता है।

# शहर की सफाई के लिए एक जेसीबी और 50 हाथ ठेला का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

निगम प्रशासन द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आज नगर निगम परिसर में एक जेसीबी मशीन एवं 50 नए हाथ ठेलों का लोकार्पण किया गया। इस मौके महापौर श्री जीवर्धन चौहानए एमणआईण्सीण श्री सुरेश गोयलए श्री अशोक यादवए श्रीमती पूनम सोलंकीए श्री मुक्तिनाथ बबुआए श्री आनंद भगत एवं अधिकारी कर्मचारियों ने जेसीबी और हाथ ठेला की विधिवत पूजा अर्चना की।



महापौर श्री चौहान ने कहा कि निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए संसाधनों का विस्तार लगातार किया जा रहा है। इसमें जेसीबी मशीन के जुड़ने से नालियों की सफाई, समय पर कचरा उठाव तथा निर्माण संबंधी कार्यों में तेजी आएगी। वहीं 50 हाथ ठेलों के मिलने से वार्डों और शहर के मुख्य मार्ग की प्रतिदिवस की सफाई एवं कचरा उठाने के कार्य करने वाले कर्मचारियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। निगम कमिश्नर श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय ने बताया कि हाथ ठेलों को सभी 48 वार्डों में आवश्यकता अनुसार वितरित किया गया है। इससे कचरा संग्रहण और सड़क सफाई कार्य में गति आएगी। निगम प्रशासन ने शहर के नागरिकों से स्वच्छता कार्य में सहयोग करने, कचरा नाली या सड़क पर नहीं फेकने, स्वच्छता दीदियों या निगम के वाहनों को ही सूखा एवं गीला कचरा अलग अलग देने और स्वच्छता कर्मियों को सहयोग करने की अपील की है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन



**घरघोड़ा।** डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी तलईपल्ली में प्रथम वार्षिक खेल दिवस का आयोजन 8 दिसंबर किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि एनटीपीसी के मुख्य परियोजना अधिकारी अखिलेश सिंह थे एवं अन्य अतिथि एनटीपीसी के अधिकारीगण वी सी दुबे, बिजय कुमार स्वाई, नीलकमल झारिया, तिलोत्तमा महिला समिति के अध्यक्ष श्रीमती संगीता सिंह, उपाध्यक्ष मनीषा अग्रवाल मौजूद थी। खेल दिवस की शुरुआत अथर्ववेद सदन, सामवेद सदन, ऋगवेद सदन यजुर्वेद सदन के द्वारा परेड से की गई तत्पश्चात श्रीमान अखिलेश सिंह के द्वारा मशाल प्रज्जवलन कर खेल दिवस का आगाज़ किया गया। विद्यालय के प्राचार्य श्रीमान राजकुमार शर्मा ने अपने संबोधन में खेल के महत्व को बतलाते हुए सभी विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। इस आयोजन में कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक के सभी विद्यार्थीयों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस खेल आयोजन में कक्षा तीसरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों को बालक एवं बालिका वर्ग में विभाजत कर विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। खेल के पश्चात विजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल से सम्मानित किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार घरघोड़ा जिला रायगढ़ (छ.ग.)**
राजस्व प्रकरण
क्र./202512040600011 /ब-121/2025-26 ग्राम रायकेरा तहसील घरघोड़ा जिला रायगढ़ (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपेन्द्र यादव पिता सुखराम यादव निवासी ग्राम रायकेरा तह. घरघोड़ा जिला रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा स्वयं का जन्म ग्राम रायकेरा तह. घरघोड़ा में दिनांक 31.08.1998 को होने के कारण जन्म पंजीयन किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, चालान एवं अंकसूची प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 22.12.2025 को नियत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो, तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक को इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 05.12.2025 को हस्ताक्षरित एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार घरघोड़ा**
**जिला रायगढ़ (छ.ग.)**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी सरिया, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**
रा.मा.क्र. ब-121 वर्ष 2024-25
ग्राम लुकापारा प ह.नं. 16
रा.नि.मं सरिया, तहसील सरिया

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दयासागर प्रधान पिता हजारू प्रधान निवासी लुकापारा तहसील सरिया जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ छ.ग. के द्वारा अपने केतकी पति हजारू का मृत्यु दिनांक 20.12.2024 (शब्दों में बीस दिसम्बर दो हजार चौबिस) को ग्राम लुकापारा में मृत्यु होने से तथा समयावधि में पंजीयन दर्ज नहीं करा पाने से जन्म/मृत्यु पंजीयन दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र, अनुपलब्धता, चालान एवं शपथ पत्र एवं दस्तावेज के साथ प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 18.12.2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त उजर दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 27.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**सरिया**

# धान खरीदी और अन्य मांगों को लेकर धरना आश्वासन के बाद किसानों ने खत्म किया आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

आंचलिक किसान संघ द्वारा धान खरीदी, विद्युत तथा रासायनिक खाद की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन का आयोजन किया था। इसके बाद प्रशासन हरकत में आई और तहसीलदार के द्वारा किसानों को आश्वासन दिए जाने के बाद किसानों ने अपना धरना प्रदर्शन खत्म किया।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत तहसील मुख्यालय सरिया में मंगलवार को आंचलिक किसान संघ के द्वारा सेवा सहकारी समितियां में धान खरीदी की लिमिट को लेकर तथा किसानों के रकबा काटे जाने के मामले को लेकर अटल चौक में धरना प्रदर्शन का आयोजन किया था। किसानों ने मांग किया कि सेवा सहकारी समिति में धान खरीदी में लिमिट बढ़ाया जाए तथा किसानों के धान फसल रकबा को काटा गया है उसे शीघ्र जोड़ा जाए तथा सरिया में 2 साल से लंबित 132 केवी विद्युत सब स्टेशन की स्थापना की जाए। साथ ही साथ रवि फसल हेतु सेवा सहकारी समिति में रासायनिक खाद डीएपी एयूरिया व रवि फसल के लिए लोन की व्यवस्था की जाए। इन मांगों को लेकर प्रशासन के खिलाफ जंगी प्रदर्शन करते हुए किसानों ने आंदोलन किया। जिसके बाद दोपहर 3 बजे प्रशासन की ओर से तहसीलदार बरमकेला के द्वारा धरना प्रदर्शन स्थल पहुंचकर किसानों के मांग को सुना और आश्वासन दिया कि आप लोगों के मांग शीघ्र पूरे किए जाएंगे। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से किसान संघ के अध्यक्ष मोहन पटेल, नंदकिशोर विश्वाल, नकुल पटेल, बंसी बारीक, कृष्ण चंद प्रधान, संपत पटेल, नरोत्तम प्रधान, रूप पटेल, सहित सरिया पंचधार, लुकापारा सेवा सहकारी समिति के किसान उपस्थित थे।



### किसानों ने आंदोलन खत्म किया

आंचलिक किसान संघ सरिया के द्वारा अटल चौक में विभिन्न मांग को लेकर धरना प्रदर्शन आंदोलन किया गया था। जिसका समाधान करने का आश्वासन मेरे द्वारा दिए जाने पर किसानों ने आंदोलन खत्म किया।

**मनीष साहू, तहसीलदार बरमकेला**

